**एक नजर में**

### मुस्लिम श्रद्धालुओं ने सौंपा ज्ञापन

**गुना।** धर्म और इंसानियत की बेहद भावुक और प्रेरणादायी तस्वीर शनिवार को गुना रेलवे स्टेशन पर देखने को मिली। गुना, अशोकनगर और शिवपुरी संसदीय क्षेत्र से पवित्र हज यात्रा पर जाने वाले मुस्लिम श्रद्धालुओं की समस्याओं को लेकर मुस्लिम वेलफेयर सोसाइटीज के पदाधिकारियों ने यात्री सेवा संगठन मध्य प्रदेश के अध्यक्ष एवं जेड आर यू सीसी सदस्य सुनील आचार्य को रेल मंत्री के नाम एक ज्ञापन सौंपा है। बता दें कि हर साल गुना, अशोकनगर और शिवपुरी क्षेत्र से हजारों की संख्या में मुस्लिम श्रद्धालु हज यात्रा के लिए मुंबई रवाना होते हैं। लेकिन क्षेत्र से मुंबई के लिए कोई सीधी ट्रेन सुविधा न होने और नियमित ट्रेनों में भारी भीड़ के कारण यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई बार परिवारों को अलग-अलग ट्रेनों में बिखरकर सफर करना पड़ता है, जिससे उनका समय और धन दोनों बर्बाद हो रहे हैं।

# गुना में बिजली व्यवस्था पर जमकर बवाल !

## गुना विधायक के तीखे बोल : ऊर्जा मंत्री को बताया 'नकारा' और 'भगवान का बंदा'

### बिजली कटौती पर फूटा पन्नालाल शाक्य का गुस्सा



नवभारत न्यूज


**गुना 30 मई का। अपने तल्ख और बेबाक बयानों के लिए हमेशा सुर्खियों में रहने वाले गुना के भाजपा विधायक पन्नालाल शाक्य एक बार फिर चर्चा में हैं। इस बार उन्होंने अपनी ही सरकार के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर को आड़े हाथों लिया है। गुना शहर में पिछले कुछ दिनों से, खासकर रात के समय, हो रही लगातार बिजली कटौती से नाराज विधायक शनिवार को सीधे बिजली कंपनी के गुना दफ्तर पहुंच गए। वहां महाप्रबंधक (जीएम) के साथ चर्चा के दौरान विधायक का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।**

जब बिजली कंपनी के अधिकारी ने बार-बार कटौती को लेकर सफाई देने की कोशिश की, तो विधायक पन्नालाल शाक्य आग बबूला हो गए। उन्होंने केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेहद करीबी माने जाने वाले ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर का नाम लिए बिना उन पर सीधा तंज कसा। विधायक ने कहा, ऊर्जा मंत्री तो भगवान के बंदे हैं, वे नकारा मंत्री हैं। बात यहीं नहीं रुकी, जब अधिकारी ने विधायक के सामने हाथ जोड़ने का प्रयास किया, तो पन्नालाल शाक्य ने ऊर्जा मंत्री की कार्यशैली पर कटाक्ष करते हुए कहा कि इसी तरह ऊर्जा मंत्री भी किसी भी मंच पर दंडवत हो जाते हैं और कभी खंभे पर चढ़ जाते हैं। उन्होंने बिजली कंपनी के अफसरों को दोटूक शब्दों में चेतावनी दी कि यदि विभाग के पास पर्याप्त अमला नहीं है, तो प्रशिक्षित स्टाफ रखा जाए ताकि शहरवासी परेशान न हों। विधायक के इस आक्रामक रूप के आगे अफसर पूरी तरह बेबस नजर आए। विधायक ने स्पष्ट किया कि वे इस पूरी अव्यवस्था को लेकर सीधे मुख्यमंत्री से बातचीत करेंगे।

**गुना में क्यों चरमराई व्यवस्था? 3 साल से बंद है एसओपी अनुभाग**

गुना शहर में बिजली व्यवस्था पूरी तरह चौपट होने के साथ ही उपभोक्ताओं के सामने सबसे बड़ी समस्या यह है कि उन्हें बिजली बंद होने के कारण और समय की कोई जानकारी नहीं मिलती। इसका सबसे बड़ा तकनीकी कारण यह है कि मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी भोपाल के अधीन आने वाले अन्य सभी जिलों के संभागीय कार्यालयों में बिजली से जुड़ी सूचनाएं देने के लिए एसओपी (स्टैंडिंग ऑपरेटिंग प्रोसीजर) अनुभाग संचालित हो रहे हैं। इसके विपरीत, गुना संभागीय कार्यालय के अधीनस्थ आने वाले रडढ अनुभाग को पिछले 3 वर्षों से बंद कर दिया गया है। यही वजह है कि जब भी बिजली गुल होती है, उपभोक्ताओं को यह पता ही नहीं चल पाता कि बिजली कब तक आएगी, जिससे आम जनता को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## मौसम का रौद्र रूप; ऐतिहासिक टेकरी मंदिर के शिखर पर गिरी आकाशीय बिजली



गुना में शुक्रवार 29 मई की रात को मौसम ने अचानक ऐसा रौद्र रूप धारण किया कि चारों तरफ अफरा-तफरी मच गई। रात लगभग 11 बजे धूलभरी तेज आंधी-तूफान के साथ जोरदार बारिश शुरू हो गई। इस प्राकृतिक आपदा का सबसे बड़ा और हैरान करने वाला असर गुना के प्रसिद्ध ऐतिहासिक सिद्ध स्थल हनुमान टेकरी मंदिर पर देखने को मिला। रात करीब 3 बजे मंदिर के शिखर पर जोरदार गड़गड़ाहट के साथ आकाशीय बिजली गिर गई। गनीमत यह रही कि घटना देर रात की थी, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। शनिवार सुबह जब पुजारी और श्रद्धालु पहुंचे, तो शिखर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त होकर नीचे गिरा मिला। स्थानीय लोगों का मानना है कि जब भी गुना पर कोई बड़ा संकट आता है, टेकरी सरकार उसे अपने ऊपर ले लेते हैं। इस भीषण तूफान के कारण शहर में कई पेड़ और बिजली के पोल धराशायी हो गए, जिससे रातभर बिजली गुल रही।

हालांकि, इस तूफान से भीषण गर्मी से राहत मिली है और रात के तापमान में 7 डिग्री सेल्सियस की भारी गिरावट दर्ज की गई (तापमान 28.1 डिग्री से गिरकर 21.2 डिग्री पर आ गया)।

### टेकरी ट्रस्ट बोला, घटनाओं को लेकर वैज्ञानिक जांच कराएंगे

अंचल में खराब मौसम के बीच शनिवार सुबह करीब 5:30 बजे प्रसिद्ध सिद्ध पीठ श्री हनुमान टेकरी मंदिर के मुख्य शिखर पर आकाशीय बिजली गिर गई। टेकरी ट्रस्ट के प्रवक्ता राजेश अग्रवाल ने बताया कि इस वज्रपात से शिखर के कुछ हिस्से को नुकसान पहुँचा है और वहाँ से मलबा नीचे गिरा है, हालांकि कोई जनहानि नहीं हुई। पूर्व की घटनाओं को देखते हुए मंदिर पर सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं, लेकिन बार-बार हो रहे वज्रपात को लेकर अब विशेषज्ञों की देखरेख में वैज्ञानिक जांच कराई जाएगी कि इस क्षेत्र में ऐसी आपदा क्यों आ रही है। उधर, इस घटना को लेकर शहरवासियों का मानना है कि 'टेकरी सरकार' ने गुना पर आने वाले बड़े संकट को अपने ऊपर ले लिया, जिससे एक बड़ी आपदा टल गई। फिलहाल, मंदिर प्रबंधन सुरक्षा को और पुख्ता करने में जुट गया है।

## गुना में राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन संपन्न, नारी के सर्वांगीण विकास में योग और स्वदेशी जीवनशैली पर दिया बल



नवभारत न्यूज

**गुना। नारी के सर्वांगीण विकास में योग की भूमिका विषय पर आयोजित राज्य स्तरीय महिला सम्मेलन शनिवार को गुना में संपन्न हुआ। इस गरिमामयी कार्यक्रम में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल शामिल हुए। सम्मेलन के दौरान योग गुरु स्वामी रामदेव ने वर्चुअल माध्यम से प्रदेशभर से आई महिला प्रतिभागियों को संबोधित किया और योग, उत्तम स्वास्थ्य एवं स्वदेशी जीवनशैली के महत्व पर विशेष प्रकाश डाला।**

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कलेक्टर कन्याल ने योग को स्वस्थ एवं सशक्त समाज की आधारशिला बताया। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने उपस्थित सभी महिलाओं और नागरिकों को दैनिक जीवन में नियमित रूप से योग अपनाने के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने स्वदेशी उत्पादों के उपयोग तथा प्राकृतिक एवं जैविक खेती को बढ़ावा देने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि खेती में ऐसे उत्पादों को प्राथमिकता दी जानी चाहिए जो परिवार और समाज के स्वास्थ्य के लिए पूरी तरह लाभकारी हों। उन्होंने किसानों से भी रासायनिक खेती छोड़कर प्राकृतिक खेती की दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। इस राज्य स्तरीय सम्मेलन में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सहभागिता की और योग, स्वास्थ्य जागरूकता तथा आत्मनिर्भरता से जुड़े विभिन्न विषयों पर महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की।

## आवास योजना के हितग्राहियों को राहत, अब निरंतर जारी की जा रही है राशि

नवभारत न्यूज

**गुना।** जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक दुबे ने शनिवार, 30 मई 2026 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) की विस्तृत समीक्षा की। बैठक के दौरान उन्होंने एक महत्वपूर्ण जानकारी साझा करते हुए बताया कि बीती 23 मार्च 2026 से बजट या राशि के अभाव में आवास योजना के हितग्राहियों को किस्तें प्राप्त नहीं हो पा रही थीं, जिससे निर्माण कार्य प्रभावित हो रहे थे, लेकिन अब शासन स्तर से इस समस्या का समाधान कर दिया गया है। शासन द्वारा सभी पात्र हितग्राहियों को जनपद पंचायत के माध्यम से निरंतर आवास की राशि जारी की जा रही है। अभिषेक दुबे ने कहा कि यदि अभी भी किसी हितग्राही को आवास की राशि प्राप्त करने में कोई दिक्कत आ रही है, तो वह तुरंत अपनी ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव या रोजगार सहायक से संपर्क कर राशि जारी करवा सकते हैं। इसके अलावा हितग्राहियों की सुविधा और समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए ब्लॉक स्तर पर समन्वयक भी नियुक्त किए गए हैं। किसी भी प्रकार की तकनीकी या अन्य समस्या आने पर हितग्राही ब्लॉक समन्वयक आरोन नीरज शर्मा (9755484940), बमोरी मुकेश दुबे (9926859549), चाचौड़ा धीरेंद्र यादव (9300449589), गुना भारत भूषण मंगल (9340921152) एवं राघोगढ़ नेमीचंद धाकड़ (7987971534) से सीधे संपर्क कर समाधान पा सकते हैं।

इसी तरह जिला स्तर पर आवास प्रभारी शिवम दिक्षित (8770129140) से भी संपर्क कर मदद ली जा सकती है।

## बमोरी में छापामार कार्रवाई, 03 ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



नवभारत न्यूज

**गुना।** जिले में खनिज पदार्थों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध प्रशासन द्वारा लगातार सख्त और निर्णायक कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में कलेक्टर किशोर कुमार कन्याल के निर्देश पर खनिज विभाग और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने बमोरी क्षेत्र में आकस्मिक निरीक्षण कर एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बमोरी क्षेत्र में मिट्टी और मुरूम के अवैध खनन की लगातार शिकायतें मिल रही थीं, जिसके आधार पर प्रशासनिक टीम ने शनिवार, 30 मई 2026 को अचानक छापामार कार्रवाई की। टीम को मौके पर आते देख अवैध कार्य में संलिप्त लोगों में भगदड़ मच गई। अधिकारियों ने पीछा कर ग्राम खरार्खेड़ा में अवैध खनन और परिवहन करते हुए 03 ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद इन वाहनों को जब्त कर बमोरी थाने में खड़ा कराया गया है। जिला खनिज अधिकारी सचिन वर्मा ने बताया कि जब्त किए गए सभी वाहनों को संबंधित थाने की अभिरक्षा में रखवा दिया गया है। इन सभी प्रकरणों में नियमानुसार अर्थदंड (जुमार्ना) सहित अन्य वैधानिक व दंडात्मक कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। इस पूरी कार्रवाई में खनिज अधिकारी सचिन वर्मा, प्रभारी खनिज निरीक्षक विजय कुमार चक्रवर्ती सहित खनिज विभाग का पूरा अमला और अन्य कर्मचारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। प्रशासन की इस कार्रवाई से क्षेत्र के खनन माफियाओं में हड़कंप मच गया है।

## पुलिस ने दी साबतखेड़ी में जुए के फड़ पर दबिश, 14 जुआरियों पर मामला दर्ज

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के कुशल नेतृत्व में जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी सिलसिले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर एवं एसडीओपी दीपा डोडवे के पर्यवेक्षण में राघौगढ़ थाना पुलिस ने साबतखेड़ी गांव में संचालित जुए के फड़ पर दबिश देकर बड़ी कार्रवाई की है। 29 मई 2026 की शाम पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि साबतखेड़ी गांव के पीछे नाले के पास कुछ लोग ताश के पत्तों पर रुपयों की हार-जीत का दांव लगा रहे हैं। पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की, जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से 6 जुआरियों (रमेश कुशवाह, धनराज यादव, मुकेश बंजारा, अभिषेक यादव, सोहिल खान और हरिसिंह यादव) को दबोच लिया, जबकि 8 अन्य आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे। पुलिस ने जुए के फड़ से 40 हजार रुपये नगद और ताश की गड्डी जब्त की है। पकड़े गए और फरार हुए सभी 14 आरोपियों के खिलाफ राघौगढ़ थाने में जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रभारी अजय जाट और चौकी प्रभारी रसना राजावत की टीम फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

## गुना में समान नागरिक संहिता पर जनपरामर्श बैठक आयोजित




नवभारत न्यूज

**गुना। समान नागरिक संहिता (यूनिफॉर्म सिविल कोड) के संबंध में अध्ययन एवं परीक्षण हेतु गठित उच्च स्तरीय समिति के सदस्य एवं शिक्षाविद प्रो. गोपाल शर्मा की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण जनपरामर्श बैठक आयोजित की गई।**

इस बैठक में उपस्थित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों और अलग-अलग वर्गों के लोगों को यूनिफॉर्म सिविल कोड (यूसीसी) के मुख्य उद्देश्यों और इसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उपस्थितजनों ने विषय से संबंधित अपने बहुमूल्य सुझाव और विचार भी समिति के सामने साझा किए। बैठक में जानकारी दी गई कि प्रदेश सरकार द्वारा यूनिफॉर्म सिविल कोड के संबंध में आम जनता से व्यापक स्तर पर सुझाव प्राप्त करने के लिए एक पारदर्शी ऑनलाइन व्यवस्था भी की गई है। कोई भी इच्छुक नागरिक अपने सुझाव और सुझावात्मक टिप्पणियां आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से सीधे प्रेषित कर सकता है। इस जनपरामर्श बैठक का मुख्य उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की राय प्राप्त कर उन्हें अध्ययन एवं परीक्षण की प्रक्रिया में शामिल करना है, ताकि व्यापक जनभागीदारी सुनिश्चित की जा सके।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अरविंद धाकड़, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह सिकरवार, पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह सलूजा, सांसद प्रतिनिधि हरिसिंह यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके साथ ही प्रशासनिक अमले से अपर कलेक्टर अखिलेश जैन, संयुक्त कलेक्टर डॉ. संजीव खेमरिया सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी और प्रबुद्ध जन मुख्य रूप से मौजूद थे।



## पुलिस परिवार के बच्चों के लिए समर कैंप बन रहा प्रतिभा निखारने का मंच

**गुना।** पुलिस अधीक्षक हितिका वासल के दिशा-निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मानसिंह ठाकुर के मार्गदर्शन तथा रक्षित निरीक्षक पूजा उपाध्याय के नेतृत्व में गुना पुलिस द्वारा एक अनूठी पहल की गई है। पुलिस परिवार के बच्चों के सर्वांगीण विकास और कौशल संवर्धन के उद्देश्य से पुलिस लाइन स्थित लाल परेड मैदान पर एक महीने के समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। यह ग्रीष्मकालीन खेल एवं कौशल प्रशिक्षण शिविर 16 मई 2026 से 15 जून 2026 तक संचालित हो रहा है, जिसमें पुलिस परिवार के बच्चे भारी उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। इस समर कैंप का मुख्य उद्देश्य अवकाश के समय का रचनात्मक उपयोग कर बच्चों में आत्मविश्वास जगाना और उनकी प्रतिभा को निखारना है। शिविर में अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा बच्चों को कराटे, टेबल टेनिस, वॉलीबॉल, हैंडबॉल, खो-खो और बैडमिंटन जैसे खेलों का निशुल्क प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही बच्चों की सृजनात्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए ड्रॉइंग, मेहंदी, कढ़ाई और बुनाई जैसी कलात्मक गतिविधियों की भी बारीकियां सिखाई जा रही हैं। पुलिस का यह बच्चों के विकास के साथ उनके उज्ज्वल भविष्य मील का पत्थर होगा।

**पत्रकार वार्ता** धार्मिक इतिहास रचने की तैयारी में गुना, 2 जून को मुनि पुंगव सुधासागर जी का होगा मंगल प्रवेश

# 17 जून से पांच जिनालयों का पंचकल्याणक महोत्सव



नवभारत न्यूज

**गुना। शहर के धार्मिक इतिहास में एक नया और स्वर्णिम अध्याय जुड़ने जा रहा है, जहाँ आगामी 17 जून से 22 जून तक 'पांच जिनालयों के श्री 1008 मज्जिनेंद्र जिनबिम्ब पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव' का भव्य और ऐतिहासिक आयोजन किया जाएगा। इस महा महोत्सव की विधिवत जानकारी देने के लिए शनिवार को पुण्यादेय अतिशय क्षेत्र नसियाजी बजरंगगढ़ रोड पर जैन समाज के प्रमुख पदाधिकारी पत्रकारों से रूबरू हुए और आयोजन की रूपरेखा साझा की।**

इस पूरे महोत्सव का सबसे बड़ा और मुख्य आकर्षण मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज का गुना आगमन है, जिन्हें लेकर पूरे समाज में अभूतपूर्व उत्साह का माहौल बना हुआ है। पदाधिकारियों ने बताया कि करीब 13 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद मुनिश्री का गुना की धरा पर आगमन हो रहा है, और अनुमान जताया गया है कि आगामी 2 जून तक मुनिश्री ससंघ गुना शहर की सीमा में मंगल प्रवेश कर जाएंगे, जिनकी भव्य अगवानी के लिए जैन समाज पलक-पावड़े बिछाकर इंतजार कर रहा है। इस बीच गुना शहर में एक साथ पांच नवीन मंदिरों (जिनालयों) का निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका है, जो इस महोत्सव के केंद्र बिंदु रहेंगे। इन मंदिरों की जानकारी देते हुए समाज के प्रतिनिधियों ने बताया कि इनमें से पहला मंदिर अतिशय क्षेत्र नसियाजी में बनकर तैयार है, जबकि दूसरा मंदिर त्रिमूर्ति कॉलोनी स्थित शीतलनाथ जिनालय है। इसी तरह तीसरा भव्य मंदिर नेशनल हाईवे पर पुराने टोल नाके के पास बनाया गया है, जहाँ विशेष रूप से 31 फुट ऊँची विशाल खड्गासन प्रतिमा विराजमान की गई है और साथ ही वहाँ एक गौशाला का संचालन भी किया जा रहा है। चौथा मंदिर छतरपुरिया स्टेट में बनकर तैयार हुआ है, और इसी श्रृंखला में शहर में कुल पांच नवीन मंदिरों का निर्माण पूरा होने के उपरांत यह पंचकल्याणक महोत्सव मुनिश्री के पावन आशीर्वाद और उपस्थिति में हर्षोल्लास से मनाया जाएगा।

**सूर्यमंत्र की प्रक्रिया होगी**

महोत्सव के दौरान मुनि पुंगव श्री सुधासागर जी महाराज इन पांचों नवनिर्मित मंदिरों पर पहुँचकर 'सूर्यमंत्र' देने की अति महत्वपूर्ण और पवित्र धार्मिक प्रक्रिया को संपन्न करेंगे, जिसके बाद इन जिनालयों में विराजमान पांचों भव्य प्रतिमाएं पाषाण (पत्थर) से साक्षात भगवान के पूजनीय स्वरूप में परिवर्तित हो जाएंगी। इसे लेकर सकल जैन समाज द्वारा अगवानी और व्यवस्थाओं की तैयारियां युद्ध स्तर पर की जा रही हैं।

## जिलाबदर बदमाश मंजीत रघुवंशी गिरफ्तार

**गुना।** 30 मई 2026 की सुबह कैंट पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जिलाबदर आरोपी मंजीत रघुवंशी प्रतिबंधित अवधि के बावजूद गुना की सीमा में आकर गुलाबगंज स्थित मोती चिल्ड्रन स्कूल के पास खड़ा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने घेराबंदी कर आरोपी मंजीत रघुवंशी (24 वर्ष, निवासी बहादुर का बगीचा, गुलाबगंज) को दबोच लिया। आदतन अपराधी मंजीत रघुवंशी को जिला दंडाधिकारी ने 16 सितंबर 2025 को एक वर्ष के लिए गुना सहित राजगढ़, शिवपुरी, विदिशा, भोपाल और अशोकनगर जिलों की सीमाओं से जिलाबदर किया था।


**आम सूचना**

यह कि मेरी पक्षकार संस्था Bajaj Housing Finance Limited ब्रांच गुना से श्री मोहन प्रसाद सोनी पुत्र श्री अम्बालाल सोनी के द्वारा मेरे पक्षकार संस्था से ऋण सुविधा प्राप्त की जा रही है। उक्त ऋण संपत्ति मकान न0 -76/2, वार्ड न0-02, रकवा-560 वर्ग फिट,हनुमान रोड राधौगढ ,तह.- राधौगढ जिला-गुना(म.प्र.) मे स्थित पर प्राप्त किया जा रहा है उक्त संपत्ति श्री रामनारायण किरार पुत्र श्री बालमुकुन्द किरार ने नूतन सक्सेना पुत्र श्री विष्णुप्रसाद सक्सेना से क्रय कि थी श्री रामनारायण किरार पुत्र श्री बालमुकुन्द किरार की मृत्यु उपरान्त उक्त संपत्ति उनके वारिसान 1.पार्वती बाई पत्नि श्री रामनारायण 2. विमलेश बाई पुत्री श्री रामनारायण के नाम पर दर्ज हो गई। उक्त संपत्ति क्रय करने का अनुबंध श्री मोहन प्रसाद सोनी पुत्र श्री अम्बालाल सोनी ने 1.पार्वती बाई पत्नि श्री रामनारायण 2. विमलेश बाई पुत्री श्री रामनारायण से किया है उक्त संपत्ति के संबध मे किसी व्यक्ति संस्था बैंक या अन्य वारिस इत्यादि को आपत्ति तो वह सात दिवस की अवधि मे स्वंय की आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे सर्व साधारण का सूचित हो।

प्रेषक
प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (एडव्होकेट)
गोविन्द गार्डन केन्ट रोड गुना( म.प्र. )
मो.-9826287226

**आम सूचना**

यह कि मेरी पक्षकार संस्था Piramal Finance Ltd.ब्रांच गुना से श्री आलोक राठौर पुत्र श्री रमेश राठौर के द्वारा मेरे पक्षकार संस्था से ऋण सुविधा प्राप्त की जा रही है। उक्त ऋण संपत्ति प.ह. न0 63 सर्वे न0-2/12/2/2/3/30(S) रकवा-600वर्ग फिट, ग्राम - पिपरोदा, तह.व जिला-गुना(म.प्र.)मे स्थित पर प्राप्त किया जा रहा है उक्त संपत्ति की पूर्व की रजिस्ट्री न0 - MP13342017A1538311, दिनांक 21/09/2017 जो श्री किशन सिंह उर्फ कमल सिंह पुत्र श्री गंगाराम कुशवाह ने श्री रामकृष्ण सिंह पत्नि श्री ज्ञान सिंह को विक्रय की थी उक्त रजिस्ट्री की असल प्रति श्री आलोक राठौर से कही गुम हो गई है। उक्त संपत्ति के संबध मे किसी व्यक्ति संस्था बैंक या अन्य वारिस इत्यादि को आपत्ति तो वह सात दिवस की अवधि मे स्वंय की आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे सर्व साधारण का सूचित हो।

प्रेषक
प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (एडव्होकेट)
गोविन्द गार्डन केन्ट रोड गुना( म.प्र. )
मो.-9826287226

**आम सूचना**

यह कि मेरी पक्षकार संस्था Piramal Finance Ltd. ब्रांच गुना से श्री हेमन्त प्रजापति पुत्र श्री भूरालाल प्रजापति के द्वारा मेरे पक्षकार संस्था से ऋण सुविधा प्राप्त की जा रही है। उक्त ऋण संपत्ति प.ह. न0 75 सर्वे न0-646/3(S)रकवा-450वर्ग फिट,वार्ड न0-19,बूडे बालाजी मंदिर के सामने हरिपुर रोड हरिराम कुषवाह की बाडी गुना,तह.व जिला-गुना(म.प्र.) मे स्थित पर प्राप्त किया जा रहा है उक्त संपत्ति की पूर्व की रजिस्ट्री जिल्द नं.-2657, दस्तावेज नं.7303, दिनांक 20/03/1995 जो श्री हरिराम कुशवाह पुत्र श्री विहारी कुशवाह ने श्री राकेश ओझा पुत्र श्री हरिराम कुशवाह को विक्रय की थी उक्त रजिस्ट्री की असल प्रति श्री हेमन्त प्रजापति से कही गुम हो गई है। उक्त संपत्ति के संबध मे किसी व्यक्ति संस्था बैंक या अन्य वारिस इत्यादि को आपत्ति तो वह सात दिवस की अवधि मे स्वंय की आपत्ति मय दस्तावेज प्रस्तुत करे सर्व साधारण का सूचित हो।

प्रेषक
प्रमोद कुमार श्रीवास्तव (एडव्होकेट)
गोविन्द गार्डन केन्ट रोड गुना( म.प्र. )
मो.-9826287226

**आवश्यकता है**

नवभारत कार्यालय गुना में संवाददाता एवं विज्ञापन सहायक की आवश्यकता है।
योग्य एवं अनुभवी व्यक्ति को प्राथमिकता दी जाएगी।
इच्छुक व्यक्ति संपर्क करें-

मो.-8770865007
gmnbbopal@gmail.com